तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025



12 ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारतीय सेना ने दिखाई ड्रोन तकनीक की क्षमता





12 अनाजमंडी पहुंचे डीसी, धान के खरीद कार्य के लिए की गई व्यवस्थाओं को जांचा




## खबर संक्षेप

### खेड़ा मंदिर के गुल्लक से चोरों ने उड़ाए हजारों रुपये

**यमुनानगर।** गांव मुजाफत कलां में चोरों ने खेड़ा मंदिर के गुल्लक का ताला तोड़कर दानराशि चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मुजाफत कलां निवासी गगन शर्मा ने प्रतापनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर की रात को चोरों ने गांव के खेड़ा मंदिर के गुल्लक का ताला तोड़कर करीब 20 हजार रुपये की दानराशि चोरी कर ली।

### सोमनाथ धाम आश्रम में मनाया श्रद्धा पर्व

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा श्री सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी में श्रद्धा पर्व महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं, ध्यान व आध्यात्मिक गुरु डॉ.अर्चिका दीदी ने अपने प्रवचनों से आज की युवा पीढ़ी को अपने माता-पिता तथा वरिष्ठ जनों का सम्मान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर वेद प्रकाश पालीवाल, विभु पालीवाल, आरएन रावल संरक्षक, डॉ.जगजीत अहूजा, यश पाल चौधरी, इंद्र चुघ गिरिश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। जबकि प्रमोद चोपड़ा ने भजन सुनाए। वहीं फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा गया।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**इसराना।** राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ हरि ओम की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिताओं में तनु, काफी, रजत, सोनी, प्रिया, सलोनी, आंचल, खुशी, निकिता, सलोनी, महक, विजेता रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ हरि ओम ने पुरस्कृत करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### देश के शहीदों को किया नमन

**समालखा।** समालखा में जनता सरकार मोर्चा ने पुराना बस अड्डा पर फ्लाईओवर के नीचे शहीद स्मारक बनाया है। यहां पर शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। वहीं, जनता सरकार मोर्चा ने इसे शहीद चौक का नाम भी दिया।

### चोरी केस में चार गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने इंद्रा विहार कॉलोनी में शंकर प्लाई बोर्ड के गोदाम से चोरी किए प्लाई बोर्ड व हार्डवेयर का सामान खरीदने वाले चार आरोपियों नूरवाला निवासी सुनील, मोतिराम कॉलोनी निवासी सुमित, विकास नगर निवासी जितेंद्र व भैंसवाल गांव निवासी फिरोज उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया है।



**यमुनानगर।** नाचरौन में चल रही रामलीला के दृश्य मंचन में अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट कर उन्हें प्रभु श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी को देते हुए हनुमान।

# लंका दहन कर पवनपुत्र हनुमान ने अहम पर किया प्रहार

## नाचरौन में आयोजित की जा रही रामलीला, रावण और हनुमान संवाद के दृश्य का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में अशोक वाटिका उजाड़ना, माता सीता से हनुमान का मिलना, रावण के छोटे पुत्र अक्षय कुमार का वध और लंका दहन का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान देर रात तक प्रभु प्रेमी पवित्रलीला के आनंद सागर में डूबे रहे। श्रीरामलीला में विभिन्न पात्रों का किरधार निभा रहे कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभा के बल पर घंटो तक श्रद्धालुओं को भावविभोर किए रखा। लंका दहन के दृश्य का शुभारंभ इलाके के वरिष्ठ समाजसेवी विक्रम सिंह सैनी सारन ने अपने परिजनों के साथ रिबन काटकर किया।

### युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान

श्रीरामलीला का पहला दृश्य हनुमान सागर पार कर लंकानगरी की अशोक वाटिका में पहुंचते हैं और वृक्ष पर चढ़ कर राम द्वारा दी गई अंगूठी नीचे गिराते हैं। जिसे देखकर मां सीता आश्चर्यचकित हो जाती हैं। देवी जानकी जी का संताप हरने के लिए रामभक्त बजरंगबली अपना स्वरुप प्रकट करते हैं। भूख लगने पर हनुमान सीताजी से अनुमति लेकर अशोक वाटिका में लगे विभिन्न फ लों को तोड़ कर खाते हैं और पूरा वाटिका नष्ट कर देते हैं। वाटिका नष्ट होने पर महाराजा रावण का पुत्र अक्षय कुमार को बजरंगबली अपनी गदा के प्रहारों से मृत्युलोक में पहुंचा देते हैं। इसके बाद के दृश्य में महाराजा रावण का दूसरा पुत्र मेघनाथ वीर हनुमान को छल द्वारा ब्रह्मफांस में बांधकर दरबार में ले जाता है। जहां पर महाराजा रावण की आज्ञा से सैनिक हनुमान की पूंछ में आग लगा देते हैं। इसी पूंछ की आग से वीर हनुमान पूरी लंका का दहन करके मां सीता का आर्शीवाद प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम के पाल लौट जाते हैं। इसके बाद आरती करके लीला का रात्रि विश्राम दिया जाता है। मौके पर मुख्यातिथि विक्रम सैनी ने कहा कि रामलीलाओं के आयोजनों से जहां भारतीय संस्कृति को जिंदा रखा जा रहा है, वहीं, नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के इतिहास से रुबरु होने का मौका मिलता है। उन्होंने युवाओं को नशा आदि सामाजिक बुराईयों को छोड़कर मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल सिंह कोच, सेठपाल, दीपक, राहुल राणा,मुकेश जेलदार, यशपाल सिंह, राजकुमार, संदीप, व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि में सांझी की परंपरा बढ़ाती है घर की पवित्रता

**पिहोवा।** प्रदेश के गांवों और कस्बों में आज भी नवरात्र के दिनों में घर की दीवारों पर सांझी सजाने की परंपरा जीवित है। यह प्राचीन लोक परंपरा विशेषकर ग्रामीण अंचलों में बड़े उत्साह के साथ निभाई जाती है। महिलाएं और बच्चियां मिलकर गोबर, गेरू, रंग-बिरंगे फूलों, पत्तों और मिट्टी से दीवारों पर मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप सजाती हैं। बताया जाता है कि सांझी लगाने की परंपरा न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि यह ग्रामीण जीवन में सामाजिक मेल-जोल और सांस्कृतिक धरोहर को भी संजोए हुए है। नवरात्र की प्रत्येक संध्या को महिलाएं सांझी के समक्ष गीत गाती हैं और इसकी आरती उतारती हैं। वार्ड नंबर 12, भाई जी वाली गली, पिहोवा निवासी महिला संतोष देवी का कहना है कि पहले बहुत से घरों में सांझी सजाई जाती थी, लेकिन अब बदलती जीवनशैली के चलते यह परंपरा धीरे-धीरे कम हो रही है। इसके बावजूद कई गांवों व कस्बो में यह परंपरा आज भी उतनी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई जा रही है। जैसलीन पूर्णिमा ब्यूटी एंड मेकओवर की प्रमुख मीना रानी का मानना है कि सांझी न केवल आस्था का प्रतीक है बल्कि बच्चों को



**पिहोवा।** वार्ड नंबर 12 स्थित अनेक घरों की दीवारों पर बने सांझी माता के चित्र।

कला, एकता और परंपरा से जोड़ने का भी माध्यम है। यही कारण है कि नवरात्र के पावन अवसर पर दीवारों पर सजी सांझी आज भी हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत रखती है। रजनी धीमान, सत्या रानी ने बताया कि सांझी का उद्देश्य परिवार की सुख-समृद्धि, बच्चों की लंबी आयु और घर में शांतिसद्भाव की कामना करना है। उन्होंने बताया कि सांझी लगभग पंद्रह दिन तक यानी श्राद्ध पक्ष की समाप्ति से नवरात्रि की नवमी तक लगाई जाती है और फिर दशहरे पर इस सांझी को विधि विधान से जल में विसर्जित कर दिया जाता है।

## प्रदेश में स्थापित एमएसएमई उद्योगों ने 15 लाख युवाओं को दिया रोजगार

# प्रधानमंत्री जब भी आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं तब हरियाणा पर करते गर्व

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान से देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर है*

### स्वदेशी अपनाने के विजन को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं तो गर्व से हरियाणा का नाम लिया जाता है। हरियाणा प्रदेश ने प्रत्येक अभियान में शुरू से ही मजबूती के साथ भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपना काम धंधा शुरू करने के लिए एमएसएमई को बढ़ावा दिया जा रहा है। एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीड है। प्रदेश में करीब 15 लाख युवाओं को एमएसएमई के स्थापित हुए उद्योगों में रोजगार भी मिला है।

इसी बदोलत एमएसएमई का राष्ट्रीय पुरस्कार भी हरियाणा प्रदेश को मिला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा लाडवा के मंडल बाबैन के आलीशान पैलेस में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। इससे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान से देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंचा है। ये अभियान हर नागरिक, हर मकान और हर दुकान तक पहुंचाना है। इन विचारों के धारण करने से ही देश की अर्थव्यवस्था चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का विजन रखा है।





**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### कार्यशालाओं का उद्देश्य सभी को एक साथ जोड़ना है

इस विजन को पूरा करने के लिए पहले आत्मनिर्भर भारत बनाना होगा, आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत बन सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में जो विचार उत्पन्न होगा, उससे समाज, प्रदेश और देश का विकास होगा। ये बैठक समाज के जनजागरण के लिए आयोजित की गई है। ऐसी कार्यशालाओं का उद्देश्य सभी को एकसाथ जोडने का है। अब तक की सफलता के पीछे अटटू संगठन ने ही एकता दिखाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल झंडा उठाने का कार्य नहीं करते, बल्कि सरकार की नीति, नियम, योजना और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का भी काम करते हैं, जो प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देते हैं। जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### जेसीआई गोल्ड ने करवाया 10 कन्याओं का विवाह, केंद्रीय मंत्री ने दिया आशीर्वाद

**करनाल।** जेसीआई गोल्ड द्वारा रविवार को महाराजा अग्रसैन भवन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेसीआई गोल्ड के प्रधान प्रमोद बंसल के संयोजन में 10 कन्याओं का विवाह संपन्न करवाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल पहुँचे। उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 10 नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और प्रत्येक जोड़े को 11-11 सौ रुपये का शगुन प्रदान किया। उनके साथ महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने जेसीआई गोल्ड को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि “अपने लिए तो हर कोई करता है लेकिन जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन



समाज को नई दिशा देने वाले होते हैं और इनसे दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है।” उन्होंने सभी जोड़ों के सुखी और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 10 नवदंपतियों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इससे पूर्व सभी दूल्हों की बारात निकाली गई और दस वेदियों पर एक साथ दस जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद बेटियों की डोली भी विधिवत रूप से विदा की गई।

# तीन युवकों से दो देसी पिस्टल व 11 जिंदा कारतूस बरामद

## जिला अपराध अन्वेषण शाखा ने पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास से आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला अपराध अन्वेषण शाखा टू की टीम ने पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देसी पिस्टल व 11 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में वहां मौजूद थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीम में तैनात एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि शाम को वह टीम के साथ शहर में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास तीन युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठे थे।



**यमुनानगर।** देसी पिस्टल के साथ काबू किए गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे तीनों युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से दो देसी पिस्टल व 11 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान मोहम्मद कैफ, रोहित, अभिजीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### असला रखने के दो आरोपी गिरफ्तार, 2 देसी कट्टे व 4 जिन्दा रौंद बरामद

**कुरुक्षेत्र।** अपराधिक वारदातो पर अंकुश लगाने व अपराधियों की धर पकड के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध असला रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 टीम ने अवैध असला रखने के आरोप में अतुल मोर व निहाल सिंह वासीयान लंडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके 2 देसी कट्टे व 4 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 सितम्बर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिंह, कुलदीप, संदीप कुमार, सिपाही सतबीर सिंह व गाड़ी चालक कृपाल सिंह की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में मीना मार्किट शाहाबाद के पास मौजूद थी।

# बिना अनुमति लगे रक्तदान शिविर का मामला तूल पकड़ा

## स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बिना अनुमति लगाए गए रक्तदान शिविर का मामला अब और गहराता जा रहा है। पंजाब की संस्था द्वारा लगाए गए इस शिविर में मानक से अधिक रक्त निकाले जाने और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति के खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। विभाग की जांच टीम ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंप दी है।

सीएमओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कई गंभीर लापरवाहियां सामने आई हैं। शिविर में आवश्यक सुरक्षा उपकरण और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी नहीं पाई गई। यही नहीं, दाताओं से निर्धारित 450 मिलीलीटर की बजाय 570 मिलीलीटर तक रक्त लिया जाना बेहद खतरनाक माना गया है।

### पिछले कई महीनों से लगा रहे थे शिविर

विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक रक्त निकाले जाने से दाताओं की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। जांच में यह भी सामने आया है कि संस्था पिछले कई महीनों से ऐसे शिविर लगातार आयोजित कर रही थी, लेकिन प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई। अब स्वास्थ्य विभाग ने इस पूरी घटना की रिपोर्ट डीसी को भेजते हुए संबंधित संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की है। उधर, इस मामले के उजागर होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर न पहुंचती, तो कई दाताओं की जान खतरे में पड़ सकती थी। वहीं, पीड़ित दाताओं के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए विभाग ने स्थानीय अस्पतालों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

# विधायक ने तरावड़ी में एक करोड़ 20 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने सोमवार को तरावड़ी में एक करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास वार्ड वासियों से नारियल तोडक़र करवाया। इस दौरान उन्होंने विश्वास कॉलोनी की सडक़, करनाली गेट पर शुलभ शौचालय, वार्ड एक में मेन द्वार के सौंदर्यीकरण, कम्युनिटी सेंटर व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक कबीरपंथी ने कहा कि इन विकास कार्यों से शहर के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं में सुधार मिलेगा और तरावड़ी के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी शहर के हर वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



**तरावड़ी।** विधायक शहर के करनाली गेट पर विकास कार्यो का शुभारंभ करते हुये।

### सरकार की योजनाएं आमजन को पहुंचा रही लाभ

प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक सशक्त हो और उसे मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सीधे तौर पर आमजन को लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों के उत्थान के लिए अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। सरकार केवल शहरी क्षेत्रों पर ही नहीं, बल्कि गांवों में भी समान रूप से विकास के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास नीति का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास है और इसी विजन पर कार्य करते हुए बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के हर हिस्से का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मौके पर अनाज मंडी के नवनियुक्त चेयरमैन चौधरी रणदीप, नगरपालिका सचिव अजीत कुमार, नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, भूपेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष बोले, सैनी ले रहे हैं जनहित में बड़े फैसले, पौधरोपण भी किया

# अब तहसीलों में होगी पेपर रहित रजिस्ट्री, निशानदेही के साथ राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का भी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजस्व विभाग की नई पहल तहसीलों में पेपर रहित रजिस्ट्री , निशानदेही, व्हाटसएप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली के शुभारंभ को लेकर सरल केंद्र में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने शिरकत की। इससे पहले उन्होंने सेवा पखवाडा के तहत श्रमदान व पौधा रोपण कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और पेड लगाकर पर्यावरण को ओर बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने उनका यहां पंहुचने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक अभिन्दन किया। इस दौरान एसीयूटी राहुल कंवरिया भी मौजूद रहें। इससे पहले कुरूक्षेत्र के बाबैन से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राजस्व विभाग की नई डिजिटल प्रणाली के शुभारंभ कार्यक्रम को वीसी के जरिए देखा व सुना गया।



**अंबाला।** पौधरोपण करते जिलाध्यक्ष मनदीप राणा व अन्य।

**पेपर रहित रजिस्ट्री एतिहासिक पहल**

*भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा आज राजस्व विभाग से जुड़ी एक एतिहासिक पहल पेपर रहित रजिस्ट्री , निशानदेही, व्हाटसऐप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया गया है।*

### पेपरलेस रजिस्ट्री से डिजिटल पारदर्शिता

पेपर रहित रजिस्ट्री डिजिटल क्रांति की ओर बडा ही मजबूत कदम है। इस प्रणाली के तहत निसंदेह आमजन को बडी राहत के रूप में लाभ मिलेगा और इस पहल से अब आम नागरिक वाटसएप चैटबॉट द्वारा राजस्व विभाग से जुड़ी जानकारी मोबाइल के माध्यम से घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की इस पहल से राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली में ओर पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार जैसी गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाडा के तहत सरकार व प्रशासन द्वारा देश-प्रदेश में अनेक गतिविधियों एवं योजनाओ के माध्यम से स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण इत्यादि जनहित कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में आम जन-मानस व गरीब कल्याण के लिए विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अनेक योजनाएं क्रिन्यान्वित कि गई है, जिसका लाभ पात्र व्यक्ति को मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री करेंगे स्वच्छता हरियाणा का शुभारंभ

**करनाल।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर को डॉ. मंगलसेन राजकीय सभागार में स्वच्छता मूल्यांकन हरियाणा-2025 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

### किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज अपनाने की सलाह

**करनाल।** समीपवर्ती गाँव संघौहा में किसान सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञ डॉ. दलीप गोसाईं ने किसानों को रबी फसलों की बेहतर पैदावार के लिए जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सफल खेती का सबसे बड़ा रहस्य उच्च गुणवत्ता वाले बीज हैं। अच्छी पैदावार में लगभग 60 प्रतिशत योगदान बीजों का होता है। डॉ. गोसाईं ने गेहूँ में एचडी-3386, पीबीडब्ल्यू-826, 872 और सरसों में आईसी-1957 किस्मों को उन्नत बताया। देर से बोआई करने वाले किसान एचडी-2851 या 3271 किस्में लगा सकते हैं। दुधारू पशुओं के लिए हरे चारे में बरसीम बी एल-42 उपयोगी है।

### गुलाब बने श्री विश्वकर्मा महासभा के प्रधान

**घरौंडा।** श्री विश्वकर्मा महासभा का चुनाव समाजसेवी देशराज धीमान की अध्यक्षता में विश्वकर्मा मंदिर में हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से गुलाब धीमान को प्रधान बनाया गया। इसी के साथ संरक्षक रामकिशन धीमान, उपप्रधान ओमदत्त पांचाल, महासचिव श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद धीमान उर्फ बंटी को नियुक्त किया गया। बैठक में पूर्व प्रधान धर्मपाल पांचाल, बलवीर धीमान, सोनू धीमान, ओमप्रकाश पांचाल, कुलदीप पांचाल, कमल कांत धीमान, रामनिवास धीमान, अमरजीत धीमान, कमल धीमान आदि मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारी विवि में नवरात्रि पर कार्यक्रम

**करनाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेक्टर-7 सेवा केंद्र में नवरात्रि के अवसर पर विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्याओं को दुर्गा, अंबा, काली और सरस्वती स्वरूप में सजाया गया और भजनों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम में कुमारी रीतिका, कुमारी भव्या, सायशा और तवीशी ने गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-विभोर किया।

### कंप्यूटर लैब सहायकों ने उठाई जॉब सुरक्षा की मांग

**करनाल।** राज्य के स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब सहायकों ने हरियाणा सरकार से जॉब सुरक्षा एक्ट को जल्द लागू करने की मांग की। करनाल में सहायकों ने विधायक जगमोहन आनंद को ज्ञापन सौंपा। कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान जसबीर जानी ने कहा कि वे पिछले 14 वर्षों से कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें मात्र 12 हजार रुपए वेतन मिलता है और अब तक किसी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि एक्ट 2024 के बावजूद विभाग ने इसे लागू करने हेतु पत्र जारी नहीं किया। इस मौके पर गगन अरोड़ा, गौरव शर्मा और प्रदीप कुमार थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल किया शुभारंभ, सुविधा का तोहफा

# पेपर रहित रजिस्ट्री व निशानदेही से मिलेगी नागरिकों को बड़ी राहत : कृष्ण लाल पंवार

- राजस्व विभाग की नई पहल से समय व धन की होगी बचत
- विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि रहे

मंत्री पंवार ने बताया प्रदेश में 68 सीओआरएस बनाए गए हैं। साथ ही, नागरिकों की सुविधा के लिए 'भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट' शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से लोग घर बैठे मोबाइल पर राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कुरुक्षेत्र जिला के बाबैन से वर्चुअल माध्यम से पेपर रहित रजिस्ट्री, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैट बोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला लघु सचिवालय करनाल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इन सेवाओं के ऑनलाइन होने से अब नागरिकों को तहसील में केवल फोटो व बायोमेट्रिक के लिए आना होगा, जबकि रजिस्ट्री का बाकी कार्य पोर्टल पर ऑनलाइन होगा। इससे लोगों का समय और धन दोनों की बचत होगी और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल विभागीय कदम नहीं, बल्कि डिजिटल क्रांति का नया अध्याय है।

मंत्री पंवार ने बताया कि पहले मैनुअल निशानदेही में किसानों को 10 से 15 हजार रुपये तक का खर्च उठाना पड़ता था, जबकि अब मशीन द्वारा यह कार्य केवल एक हजार रुपये प्रति एकड़ में होगा।



**करनाल।** लघु सचिवालय करनाल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में उपस्थित रहे जनप्रतिनिधि व अधिकारी

इस मौके पर इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, एसडीएम इंद्री अशोक मुंजाल, एसडीएम असंध राहुल, डीआरओ मनीष यादव सहित कई विभागीय अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### खास बातें

- नागरिकों को तहसील में केवल बायोमेट्रिक के लिए आना होगा
- रजिस्ट्री का बाकी कार्य पोर्टल पर ऑनलाइन होगा

### डिजिटल हरियाणा की परिकल्पना साकार

*कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2014 से प्रदेश में डिजिटल क्रांति की शुरुआत की थी। उसी क्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इन सेवाओं को और गति मिली है। उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस से सरकारी कामकाज पारदर्शी हुआ है और नागरिक सेवाओं को पेपरलेस बनाया गया है।*

### किसानों के लिए संदेश

*मीडिया से बातचीत में मंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश में धान की खरीद एमएसपी पर निरंतर जारी है और किसानों को एमएसपी से अधिक मूल्य भी मिल रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान को सुखाकर मंडियों में लाएं, ताकि बिक्री में कोई दिक्कत न हो। साथ ही उन्होंने किसानों से पराली न जलाने और उसका सही प्रबंधन करके अतिरिक्त आय अर्जित करने का आग्रह किया।*

### स्वदेशी और स्वच्छता पर बल

*इस अवसर पर जिला लघु सचिवालय करनाल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुएमंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत बनाने का है, जिसके लिए /"वोकल फॉर लोकल/" की भावना को अपनाना जरूरी है। उन्होंने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।*

## मार्केट कमेटी का बने चेयरमैन

# धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने किया शिव नाथ कपूर का अभिनंदन



तरावड़ी। श्रीराम मेला समिति के सदस्य शिवनाथ कपूर का स्वागत करते हुये सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

भाजपा नेता शिव नाथ कपूर को मार्केट कमेटी का हरियाणा सरकार द्वारा चेयरमैन बनाए जाने पर आज श्री राम लीला कमेटी,जागरण मंडल, वाल्मीकी समाज एवं पंजाबी सभा के सदस्यों, हनुमान सेवा समिति तरावड़ी तथा मां झंडेवाली समिति करनाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन कर हरियाणा सरकार का इस दायित्व के लिए आभार जताया। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख साथियों ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने पार्टी के बड़े पुराने कार्यकर्ता को उक्त सम्मान देकर हरेक कार्यकर्ता का सम्मान किया है।शिव नाथ कपूर ने जिम्मेदारी के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित पार्टी हाईकमान का आभार जताया।

### जताया आभार

आज शिव नाथ कपूर का अभिनंदन करने वालों में प्रेम सचदेवा,नरेश चुघ, सूरज दुआ,राजेश लांबा,अमन मास्टर, लाला साधुराम,मदन सचदेवा,रमेश सचदेवा,विपन छाबड़ा, रवींद्र मैहरा,राजेश शर्मा,हरीश छाबड़ा, परारितोष सचदेवा, मुकेश कत्याल, राजेश वासन,दविंदर साहनी, दिनेश वधवा,राजबीर शर्मा, अशोक कत्याल, ज्ञानेंद्र शर्मा, विकास कथूरिया, पवन कुमार, सुभाष वीरवाल,कपिल बक्शी, चमेल सिंह, हर्ष वर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, युवराज बक्शी, पवन दवेसर, सुनिल भाटिया, रणबीर भाटिया, दर्शन शर्मा, बलकार सैनी तथा पवन भाटिया सहित काफी संख्या में संस्थाओं के सदस्यों, ने शिव नाथ कपूर का अभिनंदन कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर भाजपा हाई कमान व एवं स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी तथा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर का आभार।



तरावड़ी। मार्केट कमेटी कार्यालय में प्रदर्शन करते हुये किसान व आढती।

### जीपीएस सिस्टम की दिक्कतों को लेकर आक्रोश

तरावड़ी 29 सितंबर (राजकुमार खुराना) तरावड़ी अनाज मंडी के मार्केट कमेटी कार्यालय में सोमवार को किसानों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। आढ़ती भी इस दौरान मौजूद रहे। किसानों ने पोर्टल और जीपीएस सिस्टम में आ रही दिक्कतों को लेकर जमकर गुस्सा जताया। उनका कहना था कि लापरवाह अधिकारियों के कारण मंडी सिस्टम बार-बार गड़बड़ा रहा है, जिससे उनकी फसल की खरीद-फरोख्त पर सीधा असर पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन ताला जडने का रास्ता अपनाना पड़ेगा। किसानों ने सवाल उठाए कि कब मिलेगा इस समस्या का समाधान? आखिर जिम्मेदार अफसर कब तक आंखें मूंदे बैठे रहेंगे? हमारा धैर्य अब जवाब दे रहा है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ग्रुप) से जुड़े किसान नेता बाबूराम डाबरथला और पूर्व सरपंच किसान सुरेश सोलहो ने कहा कि किसान पहले ही मौसम और लागत की मार झेल रहा है, ऊपर से पोर्टल और जीपीएस सिस्टम की गड़बड़ियों ने सिरदर्द और बढ़ा दिया है। उन्होंने मंडी प्रशासन और संबंधित विभागों पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि अगर अधिकारी समय रहते समस्या का हल नहीं करेंगे तो किसानों को सडक़ पर उतरना

# मंडी में डिजिटल कांटे के विरोध में उतरी तुलाई लेबर

- आक्रोशित हुए तुलाई करने वाले मजदूरों को विधायक ने दिया समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

अनाज मंडी इंद्री में सोमवार को जैसे ही डिजिटल कांटे पहुंचे तो धान की तुलाई करने वाली लेबर डिजिटल कांटों के विरोध में उतर गई और नारेबाजी कर रोष जताया । अनाज मंडी में धान की तुलाई करने वाली लेबर के प्रधान सीताराम, शीशपाल, विजय, जगदीश, मुन्नीलाल, सुनील व रमेश सहित काफी संख्या में मजदूरों ने बताया कि डिजिटल कांटे लेबर को किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं है । लेबर ने बताया कि डिजिटल कांटों में धूप के समय कोई भी नंबर दिखाई नहीं देता जिस कारण उन्हें धान का तोल करने में समस्या आएगी, डिजिटल कांटे पर तोल करने के लिए हर ढेरी पर बिजली की तार ले जानी पड़ेगी जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है, डिजिटल कांटे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने पर दोबारा से तोल सेट करना पड़ेगा जिससे उनके सामने परेशानी खड़ी हो जाएगी । मजदूरों ने साफ तौर पर कहा कि वे किसी भी कीमत पर डिजिटल कांटो से तोल नहीं करेंगे चाहे उन्हें काम ही क्यों ना बंद करना पड़े । इस दौरान लेबर ने जमकर नारेबाजी की । विधायक ने बातचीत कर मजदूरों को समस्या का समाधान करवाने को आश्वासन देकर शांत करवाया।



इंद्री। अनाज मंडी इंद्री मे डिजिटल कांटों के विरोध मे नारेबाजी करते धान की तुलाई करने वाली लेबर। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। धान की तुलाई करने वाली लेबर से बातचीत करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

### अनाज मंडी इंद्री में अभी तक नहीं हुआ धान का उठान

वही अनाज मंडी इंद्री में अभी तक करीब 60 हजार क्विंटल पीआर धान की खरीद हो चुकी है और तीन खरीद एजेंसियां धान की खरीद कर रही है लेकिन अभी तक मंडी में धान का उठान शुरू नहीं हो सका है । मार्किट कमेटी सचिव जसबीर सिंह ने बताया कि अभी तक मंडी में एक लाख पांच हजार क्विंटल पीआर धान आ चुकी है जिसमें से 60 हजार क्विंटल पीआर धान की खरीद शुरू हो चुकी है । उन्होंने बताया कि जो गाडियां मंडी से आउटगोइंग के लिए धान लेकर जाएंगी अभी तक उनके जीपीएस की मैचिंग नहीं हुई है इसलिए मंडी से पीआर धान का उठान नहीं हो सका है । मंडी से उठान को लेकर विधायक ने भी उच्च अधिकारियों से बात कर तुरंत समस्या को हल करवाने को कहा है ।

# आयोग के अध्यक्ष ने किया जेल का निरीक्षण

- जेल रेडियो स्टेशन से समाचार और मनोरंजन प्रसारित करनें के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने आज सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया के साथ करनाल जिला जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कैदियों से संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और जेल परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण सुधार का संदेश भी दिया।

जेल आगमन पर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया और नगर निगम करनाल की आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने न्यायमूर्ति बत्रा और सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने जेल और जिले की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बरार ने अध्यक्ष और सदस्यों का पौधे भेंट कर स्वागत किया। न्यायमूर्ति बत्रा ने कहा कि जेल में बिताया गया समय कैदियों के कौशल और क्षमता बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैदी को अपनी रुचि अनुसार व्यवसाय या कौशल सीखना चाहिए। उन्होंने कैदियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में भाग लेने और बेहतर आचरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



**करनाल।** हरियाणा मानव आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा जेल को निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### देखीं सुविधाएं

अध्यक्ष ने ब्यूटी पार्लर, फैशन स्टूडियो, क्रेच, पुस्तकालय और औद्योगिक इकाई का दौरा किया। उन्होंने टीबी वैन का निरीक्षण किया और संदिग्ध रोगियों की जांच प्रक्रिया समझी। जेल रेडियो स्टेशन को समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने के निर्देश दिए गए। मानसिक रूप से विक्षिप्त कैदियों के प्रबंधन के तरीकों की जानकारी लेने के लिए मनोवैज्ञानिक से भी बातचीत हुई। न्यायमूर्ति बत्रा ने आत्महत्या रोकने पर विशेष जोर दिया।

ड्रेस-मेकिंग और कॉस्मेटोलॉजी प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले कैदियों को रिहाई के बाद रोजगार मिलने के लिए कपड़ा उद्योगों के साथ एमओयू करने के निर्देश दिए गए।



**करनाल।** हर्बल पार्क के उद्घाटन के दौरान विद्यार्थी और शिक्षक।

### फरीदपुर घरौंडा स्कूल में हर्बल पार्क का उद्घाटन

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, फरीदपुर घरौंडा में ब्लॉक समिति चेयरमैन महेंद्र सिंह कमला और सरपंच मनोहर लाल ने विद्यालय में हर्बल पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय मुखिया सुभाष, अध्यापक हरदीप मलिक और सभी स्टाफ सदस्यों ने चेयरमैन एवं सरपंच का तिलक एवं पुष्प देकर भव्य स्वागत किया। चेयरमैन महेंद्र सिंह कमला और सरपंच मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने बताया कि हर्बल पार्क में 40 से अधिक आयुर्वेदिक पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा कक्षाओं में ग्रेनाइट पत्थर, विद्यालय मैदान में इंटरलॉकिंग टाइल्स, मुख्य द्वार और पानी का नलका भी स्थापित किया गया है। यहां वाइस चेयरमैन सुनील (हैप्पी), मेंबर पंचायत राजेंद्र, मेंबर जगदीश, रविन्द्र, रामकुमार, बलजीत, मीनाक्षी, आशा, अंजू बाला, अमित, राजेंद्र तोमर आदि रहे।

### होंडा ने लॉन्च किया 'माय होंडा-इंडिया' एप

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ग्राहक जुड़ाव को नई दिशा देने के लिए 'माय होंडा-इंडिया' मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। यह ऑल-इन-वन प्लेटफ़ॉर्म ग्राहकों को खरीद से लेकर ओनरशिप तक स्मूद और ट्रांसपेरेंट डिजिटल अनुभव देगा। एप के जरिए ग्राहक मॉडल्स एक्सप्लोर, टेस्ट राइड बुक, फ़ाइनेंस विकल्प, सर्विस अपॉइंटमेंट, रियल टाइम ट्रैकिंग और डॉक्यूमेंट स्टोरेज जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही लोकेशन-आधारित सर्विसेज, नज़दीकी डीलरशिप/पेट्रोल पंप खोजने, पार्ट्स-एक्सेसरीज़ इंक्वायरी और इंस्टेंट रिमाइंडर्स की सुविधा भी उपलब्ध होगी। एचएमएसआई का कहना है कि इस एप से ग्राहकों की सुविधाएं बढ़ेंगी।



कक

### गुरु नानक खालसा कॉलेज में विश्व पर्यटन

करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल के पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग ने विश्व पर्यटन दिवस उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने छात्रों को पर्यटन उद्योग की महत्ता बताते हुए कैरियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग के पूर्व छात्र और पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में उच्च पदों पर कार्यरत विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। इसमें विपिन कंबोज (एच.आर. मैनेजर, होटल नूर महल), युक्ता (एक्जीक्यूटिव, होटल नूर महल), आरती (चीफ़ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, ज़ान ट्रैवल्स), शुभम खिलन (असिस्टेंट मैनेजर, चोलम टूर्स) शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन उद्योग की बारीकियों से अवगत कराया और कैरियर निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया वधावन, डॉ. परवीन और प्रो. अनिल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग द्वारा किया गया।

**रामलीला** | रामलीला देखने के लिए आस-पास के गांवों से उमड़ रही दर्शकों की भीड़, माहौल बना राममय

## राम-हनुमान मिलन और बाली वध का मंचन, मुख्य अतिथियों किया कलाकारों को सम्मानित

# पुंडरी में रामलीला मंचन, जटायू वध से लेकर सीता खोज अभियान तक हुआ जीवंत प्रसंग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

गांव पुंडरी में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान रामलीला के महत्वपूर्ण प्रसंगों का शानदार चित्रण किया गया। इस अवसर पर मंचन में सीता हरण, जटायू वध, राम-हनुमान मिलन, बाली वध और सीता की खोज अभियान का मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे।

आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और बच्चे मौजूद रहे। रामलीला मंचन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन कुमार, ग्राम सरपंच सूरजभान शर्मा, विशिष्ट अतिथि मास्टर संजय सैनी एवं अनमोल बंधन युवा सेवा समिति के साथी मौजूद रहे। साथ ही पूर्व ब्लाक समिति मेंबर राजेश जोगी, विनोद कुमार, राधेश्याम पंडित और भीमसेन पपड़ेजा ने भी शिरकत की। सभी अतिथियों ने रामलीला के मंचन की प्रशंसा की और कहा कि युवा रामलीला रंगमंच के जरिए सुनहरे भविष्य का आगाज कर रहे हैं।



**घरौंडा।** पुंडरी में रामलीला का मंचन करते कलाकार।



**घरौंडा।** घरौंडा में रालीला का मंचन करते कलाकार।

### घरौंडा रामलीला में बाली वध का हुआ सुंदर मंचन

घरौंडा। श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के अंतर्गत बाली वध का प्रसंग बड़े ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अश्विनी चौधरी ने परंपरा के अनुसार फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। रामलीला के इस महत्वपूर्ण प्रसंग में प्रभु श्रीराम द्वारा अन्याय और अधर्म का अंत करते हुए बाली का वध किया जाना दर्शाया गया। मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने संवादों और अभिनय के माध्यम से धर्म और नीति की रक्षा के संदेश को बखूबी प्रस्तुत किया। बाली वध का दृश्य देखते ही दर्शक भाव-विभोर हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों को जीवंत करने का माध्यम है। श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को मार्गदर्शन देते हैं।इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग, व्यापार मंडल के सदस्य, महिला एवं युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रामलीला मंचन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### महिला प्रकोष्ठ द्वारा नवरात्रे महोत्सव मनाया गया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में महिला प्रकोष्ठ द्वारा नवरात्रे महोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम मां भगवती की आराधना स्टाफ व छात्राओं द्वारा की गई और गरबा नृत्य छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ सुमन लता, कॉलेज का टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

### एड मैड शो विजेता पुरस्कृत

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा एमकॉम प्रथम वर्ष में एड मैड शो का आयोजन हुआ। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने एड मैड शो का शुभारंभ किया। जबकि वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि अगर हमें अपना पूर्ण विकास करना है तो शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों में भी भाग लेना होगा। वहीं, प्रतियोगिता में टीम बी ने प्रथम, टीम ए द्वितीय, टीम डी तृतीय रही। जबकि टीम सी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। बेस्ट किरदार का पुरस्कार स्मृति को मिला।

### श्रम विभाग ने जागरूक किया

**पानीपत।** श्रमिकों को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं, और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए श्रम विभाग और श्रमिक संगठनों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से सोमवार को जिला सचिवालय से लाल बत्ती चौंक तक रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रम कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर उपनिदेशक डीपी सिंह, एएलसी विशाल कालिया, मजदूर संघ टेक्सटाइल के सचिव अजय राणा भी उपस्थित रहे।

### नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष समस्याएं रखीं

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को जनता समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। वहीं शिविर में 53 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से कई पर तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई। वहीं शिविर की अध्यक्षता कर रहे निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि यह शिविर उन नागरिकों के लिए किसी जीवनरेखा से कम नहीं हैं, जिन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता यही है कि शिकायतकर्ता को राहत तुरंत मिले।

### नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**समालखा।** नशा मुक्ति प्रचार अभियान के तहत सोमवार को गांव डिडवाडी के राजकीय स्कूल में नशामुक्ति अभियान के प्रभारी जगपाल सिंह ने कहा कि नशामुक्ति की शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। हर परिवार का सदस्य यदि यह संकल्प ले कि वह नशे से दूर रहेगा, तो समाज स्वतः ही सुरक्षित व समृद्ध बन सकता है। यह केवल सरकारी योजना नहीं,बल्कि सामाजिक आंदोलन है। जब तक समाज इसमें भागीदार नहीं बनेगा, तब तक पूर्ण सफलता असंभव है।

### डीएवी स्कूल में विजेता पुरस्कृत किया

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने डीएवी स्पोर्ट्स राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में विजेता रहे स्कूल के विद्यार्थियों शिवांशु शर्मा, अंश, देव कादियान, योगेश, नीलाक्षी, नैंसी, 3. निकिता, दीपांशी, दिव्या, यशिका, मिकांत, अनुज, कुनाल, नकुल, राधेश्याम, रसिका त्यागी, सक्षम मलिक, साध्वी, जिगर, मानव दीक्षा, हर्षित को पुरस्कृत किया।

### बाली वध लीला का आयोजन किया

**पानीपत।** प्रताप रामलीला क्लब ददलाना द्वारा महाराणा प्रताप स्टेडियम में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसमें बाली वध लीला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी कश्मीरी लाल शर्मा, डायरेक्टर भगवान दास राणा, पंकज कुमार राम, सुमित कुमार लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।

## क्विज का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने किया

# ज्ञान वृद्धि, व्यक्तित्व व आत्मविश्वास को बढ़ाता है क्विज : डॉ. अरोड़ा

**एसडी कॉलेज में राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज मेगा क्विज में 25 कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया**



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में वाणिज्य एसोसिएशन के बैनर तले वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय पर राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज मेगा क्विज का आयोजन हुआ। जिसमें करनाल, समालखा, पानीपत, सोनीपत आदि के कॉलेजों से बीकॉम, बीबीए और बीकॉम (व्यवसायिक) के विद्यार्थियों की 25 टीमों ने भाग लिया। वहीं, क्विज का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया। क्विज में क्विज में एपीट एसडी इंडिया की टीम दिवान्शु, काजल, कर्ण प्रथम, गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल की टीम अवनीत, प्रिंसी, मानवी की टीम द्वितीय, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल की ख़ुशी, श्रुति, यश की टीम तृतीय रही। वहीं, विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमे आत्मविश्वास के भाव का संचार होता है। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्विज एक प्रकार का संक्षिप्त मूल्यांकन हैं जिसका प्रयोग शिक्षा या इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में ज्ञान, योग्यता और कौशल में वृद्धि को मापने के लिए किया जाता है। उन्होनें कहा कि प्रश्नोत्तरी संवाद का एक बेहतरीन मंच है जहां विद्यार्थी पुरस्कार पाने या रात भर में प्रसिद्धि पाने के लिए भाग नहीं लेता है बल्कि ज्ञान हासिल करने, अकादमिक उत्कृष्टता औरअपना भविष्य सुरक्षित करने के मौके तलाशने के लिए भी भाग लेता है।

# आर्य कॉलेज में भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज की उप प्राचार्या डॉ. अनुराधा सिंह के साथ विजेता विद्यार्थी।

**कविता पाठ प्रतियोगिता में छात्रा दिव्या रही प्रथम**

आर्य कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी वाणी की शक्ति और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इधर, कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ अनुराधा सिंह एवं अंग्रेजी विभाग के स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न सामयिक और सामाजिक विषयों पर भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें उनके विचारों की गहराई और अभिव्यक्ति की प्रभावशीलता स्पष्ट झलकी। वहीं कविता पाठ में प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं को छंद, तुक और लय में पिरोकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर विद्यार्थियों की अपनी पसंद के रहे। जबकि कार्यक्रम में मंच संचालन अंग्रेजी की प्राध्यापिका मानवी ने किया। वहीं, कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या ने, वर्ष की छात्रा शीतल ने व तृतीय स्थान एमकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या ने हासिल किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार बीएएमसी द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी मुखिजा ने हासिल किया।

### साहित्य, मानव को सद्भवना का देता है संदेश

*जबकि भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुषमा ने, द्वितीय पुरस्कार दिव्या ने व तृतीय पुरस्कार कनुप्रिया ने हासिल किया। जबकि शाहिद को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को उपप्राचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि साहित्य, मानव को सद्भवना का संदेश देता है।*

### सीता हरण का मंचन किया

**पानीपत।** प्राचीन व ऐतिहासिक श्री देवी मंदिर में चल रही रामलीला में सीता हरण व जटायु मरण की लीला का मनोहारी मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी धनराज बंसल, ईश्वर गोयल, डीएसपी सिटी राजबीर सिंह, भाजपा प्रवक्ता वेद पराशर मुकेश, गोबिंद गोयल, आदर्श गुप्ता, मनोज गोयल, मनोज सिंगला, संजय बंसल, विरेंद्र बंसल, पार्षद नवल जिन्दल, विनय सिंगला, बृजभूषण गर्ग, सुशील सिंगला, गंगा राम मंगला, अमित राज गुप्ता, अनिल गर्ग, सचिन गर्ग, प्रेम गर्ग, अभिषेक सिंगला, आकाश गर्ग, सर्वेश सिंगला, सचिन मंगला, मनमोहन आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों की मदद करना सबका कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारीगण पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**इनर व्हील क्लब ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के राहत सामग्री भेजी**

इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए राहत अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत फोल्डिंग पलंग, कंबल, चादरें, तकिए आदि आवश्यक वस्तुओं से भरा ट्रक पानीपत से अलीवालद फतेहगढ़ चूडियां रोड अमृतसर के लिए रवाना किया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पूजा गोयल ने राहत सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जरूरतमंद लोगों की मदद करना हम सबका कर्तव्य है। हमें उम्मीद है कि हमारे इस प्रयास से बाढ़ पीड़ितों को राहत मिलेगी और वे अपने जीवन को फिर से संवार पाएंगे। अभियान को सफल बनाने में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डॉ.मीनाक्षी, एस आनंद, आकांक्षा जैन और नीतू छाबड़ा का योगदान सराहनीय रहा। इसके अलावा पानीपत क्लब की ओर से जोनल काउंसलर पीडीसी डॉ.गीता ,अनीता, रुपाली चोपड़ा, अंजलि दीलोरी, अंजू गेरा और मोनिका ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# भारत की तरक्की की रीढ़ हैं श्रमिकः मेयर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




श्रम विभाग के कार्यक्रम में मंचासीन मेयर कोमल सैनी, रिफाइनरी के प्रबंधक विवेक शर्मा आदि।

**केंद्र व प्रदेश सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले श्रमिक**

जिला सचिवालय के सभागार में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मेयर कोमल सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि भारत को मजबूत बनाने में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। विकसित भारत बनाने में श्रमिक ही अपनी भूमिका कारगर तरीके से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों ने अपनी सफलता के बल पर ही जीवन को गति दी है। इन्होंने मेहनत और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों को निभाया है, तभी बड़े-बड़े प्रतिष्ठान और संस्थान आर्थिक रूप से मजबूत हैं। सैनी ने कहा कि हम सब को श्रमिकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने सभी श्रमिकों से आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ उठाएं और एक दूसरे के सहयोगी बने।

### मेयर कोमल सैनी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया

कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मनदीप कुमार ने बुके देकर मेयर कोमल सैनी का स्वागत किया। श्रम विभाग की ओर से उपनिदेशक डीपी सिंह और एएलसी विकास कालिया ने मेयर कोमल सैनी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया।

# जनता की सेवा में जुटी है भाजपा सरकारः मंत्री ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय में मंचासीन शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज व अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

**पेपर रहित रजिस्ट्री ,निशानदेही, वॉट्सएप चैटबॉट व राजस्व विभाग निगरानी प्रणाली का शुभारंभ**

हरियाणा में राजस्व विभाग की नई पहल के रूप में पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, वॉट्सएप चैटबॉट और राजस्व विभाग निगरानी प्रणाली का आरंभ होने से कार्यों में पारदर्शिता आएगी और लोगों को तहसील के कार्यों के लिए ज्यादा चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसी को लेकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला सचिवालय में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने इस प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज, उपायुक्त वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव, एसडीएम इसराना नवदीप सिंह, निगम आयुक्त डॉ. संजय कुमार, डीआरओ कण्व लाकड़ा सहित विभिन्न तहसीलदार नायब तहसीलदार और कानूनगो के साथ-साथ पटवारी भी उपस्थित रहे।

### जिला सचिवालय परिसर में पौधरोपण किया

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव से ही गरीबों की हितैषी रही है। जीरो टॉलरेंस के साथ प्रदेश सरकार काम कर रही है ताकि लोगों के समय की बचत ज्यादा से ज्यादा हो। भाजपा सरकार जनता की सेवा में जुटी है। इधर, डीसी दहिया ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और विधायक प्रमोद विज का जिला प्रशासन की ओर से स्वागत किया। जबकि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और विधायक प्रमोद विज ने जिला सचिवालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

# मनपसंद विषयों में शिक्षा ग्रहण करेंः मोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मोहित वाही।

**किसी के दबाव में आकर निर्णय नहीं लेना चाहिए**

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में सोमवार को कक्षा नवमी तथा दसवीं के छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग पर आधारित कार्यशाला हुई। जिसमें कार्यशाला में चैतन्य ग्रुप चंडीगढ़ के स्टेट हेड मोहित वाही प्रमुख काउंसलर ने कहा कि सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के सपने साकार करने में सहायक होता है। वहीं, यह समय अपने लक्ष्यों को पहचानने तथा उनके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास करने का है। छात्रों के पास इस समय कई उच्च शिक्षा के कोर्स, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विकल्प होते हैं जिसका चयन उन्हें अपनी रुचि, क्षमता और कैरियर लक्ष्यों के आधार पर करना चाहिए। किसी के दबाव में आकर निर्णय नहीं लेना चाहिए अपितु अपनी बुद्धि तथा विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं, हर विद्यार्थी में प्रतिभा होती है। विद्यार्थियों को अपने हुनर को पहचाने और उसी तरफ बढ़कर सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर स्कूल के प्रो वाइस चेयरमैन अमित राणा, कॉर्डिनेटर आभा विषद आदि उपस्थित रहे।

## लोकिंद्र ने कर्नाटक में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



गोल्ड मेडल विजेता लोकेंद्र प्रताप

**कर्नाटक के कोपल की धरती पर अच्छा प्रदर्शन किया**

कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं होता, जनाब एक पत्थर तबीयत से उछाल कर तो देखो। जी हां अगर आप किसी कार्य को पूर्ण समर्पण, निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ करते हैं तो कोई भी काम असंभव नहीं चाहे वह कितना भी मुश्किल क्यों न हो। कुछ ऐसा ही साबित कर दिखाया है देहरादून के हरबर्टपुर में रह रहे पानीपत के मूल निवासी तेरह वर्षीय लोकेंद्र प्रताप मिगलानी ने। वहीं लोकेंद्र ने कर्नाटक के कोपल की धरती पर प्रदर्शन किया और टीन सिंगा, माकन, प्रीटिन, प्रीजुनियर, जूनियर पेंचक सिलाट राष्ट्रीय प्रतियोगिता के सब जूनियर वेट कैटिगरी 39 से 42 में खेलते हुए प्रतिद्वंदियों को हरा का गोल्ड जीता।

## मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** एवन पब्लिक स्कूल के परिसर में हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन और विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत अभियान नशा मुक्त युवा समाज और स्वच्छता सेवा कार्यक्रम व छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर वीना , दयानंद खुंगर, किरण, भावना , डॉ. मनोहर लाल, ओम दत्त आर्य हुक्मचंद, गजेन्द्र सिंह, कमल गंभीर, साक्षी, अक्षरा रवि शंकर आदि उपस्थित रहे।

## मोदी ने जीएसटी कम कर जनता को बड़ी राह दीः भड़ाना

**समालखा।** समालखा हलके से विधायक मनमोहन भडाना ने जीएसटी के बारे में लोगों से बात की व मोदी सरकार द्वारा जीएसटी घटाने के फायदे बताए। भड़ाना ने कहा कि दिवाली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी घटाकर देश की जनता को उपहार दिया है। जो काफी सराहनीय है। इसलिए मोदी सरकार की हर जगह सराहना हो रही है। विधायक मनमोहन बढ़ाना ने जीएसटी के बारे में व्यापारियों से बात की व मोदी सरकार द्वारा जीएसटी घटाने के फायदे बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी में भारी कटौती की है। जिसका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। जीएसटी घटने से सेल भी बढ़ गई है। व्यापारी व आम जनता सभी खुश दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जिसमें जीएसटी घटाकर बड़ा कदम उठाया गया है। इस मौके पर शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल, नरेश बंसल, पार्षद संजय गोयल, पार्षद कप्तान छोकर पार्षद हरिओम वशिष्ठ पार्षद अनिल कालीरामना पार्षद विनोद वाल्मीकि वाइस चेयरमैन सतपाल शर्मा सुरेश झंडा पार्षद राजेश ठाकुर अंकित बंसल में अन्य अनेक व्यापारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## लंका दहन का मंचन

**पानीपत।** श्री सायंकाल रामलीला लैय्या सभा द्वारा आईबी कॉलेज प्रांगण में आज पावन सुंदरकांड लीला में लंका दहन का मंचन किया गया। इस अवसर पर सभा के महामंत्री युधिष्ठिर शर्मा, स्वामी अरुणदास दास, परमवीर ढींगरा, युधिष्ठिर शर्मा, जगदीश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, जगदीश चराया, दीपक मखीजा, लक्की अरोड़ा, सचिन मिगलानी, इशांत शर्मा, अंशुल शर्मा व सुनील मिगलानी आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

राहुल अरोडा पुत्र श्री मनोज कुमार निवासी मकान नम्बर 612/6 खेल बाजार पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक !
हर आम व खास को सुचित किया जाता है राहुल अरोड़ा पुत्र श्री मनोज कुमार निवासी मकान नम्बर 612/6 खेल बाजार पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू एक दस्तावेज पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति मोनिका रानी पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी मकान नम्बर 612/6 खेल बाजार पानीपत की दिनांक 24/6/2024 की मृत्यु हो चुकी है- यह कि मोनिका रानी की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद अमित नारंग वार्ड-15 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की है।
1- राहुल अरोड़ा लड़का 2- काजल लड़की है मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं हैं
इनके इलावा मृतक मोनिका रानी का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।
हस्ता/- तहसीलदार-कम- संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**अभियान** | देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पर्यावरणीय जागरूकता अभियान आयोजित

# भारत की सशक्त ताकत है युवा वर्गः कोमल



पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पौधा रोपते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत डे लॉन्ग बाजार एक पर्यावरणीय जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने की और कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पानीपत जिले की मेयर कोमल सैनी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। वहीं, मुख्य अतिथि मेयर कोमल सैनी ने कहा कि युवा भारत की सशक्त ताकत है। युवा देश की अनमोल धरोहर हैं और जब वे पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें। उन्होंने प्रकृति को बचाने हरित बनाने और हर रोज नया सीखने की आवश्यकता पर बोल दिया प्रकृति को सुरक्षित करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। राजकीय महाविद्यालय घरौंडा के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र नागिया ने उदाहरण द्वारा हरित पल का मतलब समझाए। जबकि ब्रह्मकुमारी से बीके संतोष व बीके सुनीता ने सीखने की कला और संकल्प पर प्रकाश डाला।

### डॉ. श्रीराम शर्मा ने मंच का सफल संचालन किया

डॉ. श्रीराम शर्मा ने मंच का सफल संचालन किया। इधर, स्लोगन में आरती राजकीय महाविद्यालय मतलौडा प्रथम, इशिता कौर आईबी कॉलेज द्वितीय, इशिका राजकीय कॉलेज तृतीय रही। वहीं, प्रश्नोत्तरी में तनीषा व शिवानी राजकीय कॉलेज प्रथम, राहुल व अंकित एसडी कॉलेज द्वितीय, रिश्ता व प्रिया राजकीय महाविद्यालय बहरामपुर बापौली तृतीय रहे। जबकि ग्रीनमैन प्रो दलजीत ने गौरैया बचाओ अभियान के लिए मेहमानों को घोसलें भेंट किए।

## युवाओं के आदर्श है भगत सिंह

**पानीपत।** भगत सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर युवा प्रेरणा कार्यक्रम हुआ। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय, गेस्ट ऑफ ऑनर अम्बाला से कांग्रेस के सांसद वरुण चौधरी रहे। अध्यक्षता भगतसिंह फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू कादियान ने की। मुख्य अतिथि अजय रॉय ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि युवाओं के लिए आदर्श मार्ग दर्शक भी हैं। उन्होंने जिस उम्र में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वह हमें यह सिखाता है कि सच्चा देशभक्त कभी कठिनाइयों से नहीं डरता।

## खबर संक्षेप



अंबाला। छात्राओं को नशे के खिलाफ जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

### नशे के खिलाफ छात्राओं को किया जागरुक

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से सोमवार को राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल यात्रा से नशे के विरुद्ध अभियान में लगे हुए हैं। वे सोमवार को राजकीय महिला महाविद्यालय पहुंचे। महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन सिरोही की अध्यक्षता और डॉ. शिवानी की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 110 वां जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 135 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

### धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी मोहम्मद मोहसीन को गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जींद के नवीन ने 21 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 नवंबर 2024 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने इस्टमैन ऑटो एंड पवार कंपनी से ट्रक में बैटरियों को लादकर निर्धारित स्थान असम न पहुंचाकर धोखाधड़ी कर विश्वासघात करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जैम्स को गिरफ्तार किया है। नगर निगम के अभि कुमार ने 27 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुभाष पार्क से आरोपी ने लोहे की तारें, लाइटें और अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी विनय को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुखपाल ने 28 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव कलयाणा में स्थित उसके घर से आरोपी ने सोना-चांदी जेवरात व नकदी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज हत्या के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी क्षितिज को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। दिलीपगढ़ के सत्यजीत ने 15 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि बाल भारती स्कूल के पास आरोपी ने उसके भाई सूरजवीर सिंह पर नुकीले तेजधार हथियार से हमला करके चोटें मारते हुए उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## ड्रोन युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों में भी हो रहे कारगर

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना ने दिखाई ड्रोन तकनीक की क्षमता






अंबाला। अत्याधुनिक ड्रोन प्रणाली का प्रदर्शन करते सैनिक व अभ्यास के अन्य दृश्य।

**नारायणगढ़ में सेना ने किया शक्ति का प्रदर्शन**

### पहली बार दिखाई तकनीक

*सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार ड्रोन तकनीक में अपनी क्षमता दिखाई। नारायणगढ़ स्थित फायरिंग रेंज में सेना ने ड्रोन अभ्यास के माध्यम से अपने मानव रहित विमानों की ताकत दिखाई। इस दौरान काल्पनिक लक्ष्यों पर आत्मघाती ड्रोनों से हमला किया गया। इसके बाद सर्विलांस ड्रोनों ने अपनी ताकत दिखाई। सेना ने साफ संदेश दिया की युद्ध की स्थिती में ड्रोन का अत्यधिक प्रयोग होगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नारायणगढ़ में सेना ने दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले अत्याधुनिक ड्रोन का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सेना दिखाया है कि किस तरह ड्रोन न केवल निगरानी के लिए, बल्कि युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों में भी प्रभावी हथियार हैं। सेना सेना अब इन ड्रोन की क्षमता और उनके महत्व को जनता के सामने लाने जा रही है। सोमवार को सेना द्वारा एक भव्य शक्ति प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में सेना की दो प्रमुख कमांड शामिल हुई हैं। वायु सेना की पीआरओ सपना के अनुसार, मौजूदा समय में युद्ध सैनिकों और टैंकों से नहीं जीते जाते। आधुनिक युद्धों में ड्रोन तकनीक सबसे अहम भूमिका निभा रही है। सेना के अनुसार, आने वाले समय में ड्रोन तकनीक से ही सीमा सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी अभियानों की रणनीति तय होगी।

### लक्ष्य को सटीकता से नष्ट करेंगे अत्याधुनिक ड्रोन

**अंबाला।** फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी ड्रोनों की दक्षता और एक प्रतिस्पर्धी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध वातावरण में उनके उपयोग का परीक्षण करने के लिए आयोजित संयुक्त अभ्यास शानदार रहा। इस अभ्यास ने भारतीय सेना की अपनी मानवरहित हवाई प्रणालियों द्वारा एक प्रतिस्पर्धी वातावरण में सामरिक स्तर पर आक्रमक अभियान चलाने की क्षमता का प्रदर्शन किया ताकि परिचालन उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके और लक्ष्यों को नष्ट किया जा सके, साथ ही एक जटिल युद्धक्षेत्र परिदृश्य में अपनी स्वयं की काउंटर-यूएएस प्रणालियों की प्रभावशीलता का भी प्रदर्शन किया। इस अभ्यास ने अपने सैनिकों की परिचालन तैयारियों पर प्रकाश डाला और युद्धक्षेत्र की उभरती चुनौतियों के बीच समाधान खोजने, रणनीति और प्रक्रिया में बदलाव लाने की उनकी क्षमता को रेखांकित किया। पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने इस अभ्यास को देखा और सैनिकों की व्यावसायिकता और तकनीकी अनुकूलनशीलता की सराहना की। सेना कमांडर ने भविष्य के युद्ध में ड्रोन की भूमिका और युद्ध के विभिन्न क्षेत्रों में उनके उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य वक्ता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### डीएवी कॉलेज में जागरूकता सत्र

# छात्रों को दी किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी

■ विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिकार और न्याय से संबंधित ज्ञान को निरंतर बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में डीएवी महाविद्यालय की लीगल सेल द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने किया तथा उन्होंने मुख्य वक्ता सजल गुप्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर का स्वागत किया। सर्वप्रथम अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने कहा कि महाविद्यालय की लीगल लिटरेसी सेल समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती हैं। इससे विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिकार और न्याय से संबंधित ज्ञान को निरंतर बढ़ाएं। जिम्मेदार नागरिक बनें।

### अधिकारों की दी जानकारी

मुख्य वक्ता सजल गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के मौलिक अधिकारों, उनकी सुरक्षा से जुड़े विधिक प्रावधानों तथा उन अपराधों की जानकारी दी जो अक्सर किशोरों द्वारा अनजाने में या परिस्थिति वश किए जाते हैं।सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम की मूलभूत जानकारी प्रदान करना तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका समाधान गुप्ता ने सहज और सरल भाषा में किया। उप-प्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को ऐसे संस्थानों की जानकारी होनी चाहिए जो विधिक सेवाएं प्रदान करते हैं।

# ओली तप का शुभारंभ

■ धार्मिक नाटक के प्रस्तुतिकरण के साथ भगवान महावीर स्वामी के जन्म को भी दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

एसएस जैन स्थानक में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सान्निध्य में ओली तप का शुभारंभ किया गया। इस उपलक्ष में भगवान महावीर स्वामी के जन्म को भी दर्शाया गया और धार्मिक नाटक भी प्रस्तुत किए गए। जैन साध्वियों ने बताया कि जैन कैलेंडर के आधार पर नवपद ओली पर्व वर्ष में दो बार आयोजित होता है। पहला चैत्र माह में और दूसरा आश्विन माह में। यह पर्व शुक्ल पक्ष की सप्तमी से पूर्णिमा



मुलाना। ओली तप कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

### श्रद्धालु नौ दिनों तक करते हैं तप का पालन


*इस दौरान जैन समाज के श्रद्धालु नौ दिनों तक तप का पालन करते हैं। साधक दिन में केवल एक बार उबला हुआ अनाज ग्रहण करते हैं, जिसमें नमक, चीनी, तेल और मसालों का प्रयोग नहीं किया जाता। इस दौरान मैना सुंदरी की कथा को भी आरंभ किया गया। इस दौरान प्रभावना श्रीपाल जैन और विपिन जैन की ओर से वितरित की गई। ओली तप के शुभारंभ पर जैन समाज के लोगों ने धार्मिक उल्लास के साथ साध्वियों का आशीर्वाद प्राप्त किया।*

# सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली...

■ गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा सेक्टर 10 के माता वैष्णो देवी मंदिर में भजन संध्या आए नवरात्रे मैय्या दे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह के तत्वाधान में धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर द्वारा सेक्टर 10 के माता वैष्णो देवी मंदिर में रविवार सांय भजन संध्या आए नवरात्रे मैय्या दे आयोजित की गई। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि समूह के म्यूज़िकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के 11 गायकों ने शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मां दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित श्यालिकग्राम सहित पंडित मोहित नौटियाल और पंडित अजय सेमवाल ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़, कार्यकारिणी संरक्षक राजेंद्र कौशिक,मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ. संजय गौतम,राज अरोड़ा,असीम राष्ट्रवादी और मंदिर कमेटी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से सर्वदेव पूजन संपन्न करवाया। इसके पश्चात गणेश स्तुति,सरस्वती एवं गुरु वन्दना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गायक महंत अरुण शर्मा पुखराज ने /"तूने मुझे बुलाया शेरांवालिए/" .. व /"प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी/"...,सुरेश शर्मा ने /"सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली,बिगड़े बना दे मेरे काम दातिए/"...,अशोक सोलंकी ने /"दुर्गा है मेरी मां अम्बे है मेरी मां/"...जसबीर जस्सी ने /"आए नवरात्रे मैय्या दे से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद धार्मिक गायक व अन्य पदाधिकारी।

### कंजकों ने भी लगाई रौनक

छोटी छोटी कंजकों ने भी भजनों पर मस्ती में झूमते हुए खूब रौनक लगाई। मंच का संचालन डॉ.संजय गौतम ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात मां दुर्गा को मिष्ठान्न और फलों का भोग लगाया गया। दुर्गा आरती में श्री सनातन सेवा सभा के प्रधान प्रभु दयाल गोयल,उप प्रधान रनजोर सिंह राणा व केवल कृष्ण, महासचिव एनपी गुप्ता,ज्वाइंट सेक्रेटरी रणबीर सिंह,कैशियर संदीप जिंदल, एसपी गोयल,एके गुप्ता,देवेंद्र चंचल,लवली शर्मा,महक सैनी, सिया,सुनीता,सुधा,शशी गोयल, ऋतु शर्मा और निशा सहित अन्य शामिल रहे।

## रोटरी क्लब ने 41 विद्यार्थियों को किए स्कूल बैग वितरित



**बराड़ा।** रोटरी क्लब ने समाज सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दूसरे चरण में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजीगर बस्ती तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव पौंटी के कुल 41 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम न सिर्फ विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उनके अंदर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगा। मेहरा ने कहा कि स्कूल बैग देना केवल वस्तु का वितरण नहीं है बल्कि बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करने का माध्यम है।

# 445 लोगों ने करवाई मेडिकल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि सारे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने यहां पर लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का अवलोकन भी किया। और चिकित्सकों से बातचीत कर यहां पर जो स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही थी। इससे पहले कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, पीएमओ डा. पूजा व भाजपा के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनदंन किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा।



अंबाला। शिविर में आए लोगों को मिल रही उपचार की सुविधा जांचते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

### लघु नाटिका भी पेश

इस अवसर पर मिक्की मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रामायण पर आधारित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। स्वास्थ्य जांच शिविर में ओपीडी के तहत 445 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जिसमें शुगर के तहत 102 पुरूषों, 85 महिलाओं ने तथा ईसीजी के तहत 27 लोगों ने, बीपी के तहत 96 पुरूषों ने व 92 महिलाओं ने, वीडीआरएल के तहत 20 ने, एक्सरे के तहत 10, लैब टैस्ट 145 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसके अलावा 148 लोगों को चश्में भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल प्रधान विकास बहगल, भाजपा पदाधिकारी किरण पाल चौहान, राम बाबू यादव, मदन लाल शर्मा, भारत कोछड़, नरेंद्र राणा, पार्षद संजीव अत्री मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने झाड़ू लगाकर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

ग्राम शहजादपुर में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन बीडीपीओं शबनम रेलन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर स्वयं सफाई कर उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। बीडीपीओं शबनम रेलन द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान सेवा, स्वच्छता और जनजागरण का सशक्त संदेश दे रहा है।



झाड़ू लगाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

## नियम तोड़ने वाले बाइक सवार का किया 25500 रुपये का चालान

**मुलाना।** थाना प्रभारी प्रमोद राणा के नेतृत्व में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल चालक को बिना पेटर्न नंबर प्लेट, नंबर प्लेट पर गन का स्टीकर, प्रेशर हॉर्न और बिना लाइसेंस ड्राइविंग करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने उक्त चालक का कुल 25,500 रुपये का चालान किया। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि नियम तोड़ने वाले चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले या नियमों की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और जरूरी दस्तावेज साथ रखें, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अधिकारियों को धान खरीद के साथ उठान को लेकर दिए जरुरी निर्देश, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

# अनाजमंडी पहुंचे डीसी, धान खरीद के लिए की गई व्यवस्थाओं को जांचा

किसानों से आग्रह रोस्टर के अनुसार अपनी फसल मंडी में लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को धान खरीद कार्य के चलते अंबाला शहर की अनाज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि जहां मंडी में धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से चले वहीं लिफ्टिंग का कार्य भी तेजी से होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, डीएमईयू डॉ. राजीव मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निरीक्षण के दौरान धान की ढेरी पर जाकर उसकी नमी को भी चेक किया। अधिकारियों से मंडी में आई धान की आवक व उठान की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा



अंबाला। धान की फसल को चेक करते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए वे बेहतर समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। मंडी में जहां धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए वहीं उसकी लिफ्टिंग भी तेजी से होनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम को भी कहा कि वे मंडी में समय-समय पर निरीक्षण करें ताकि मंडी में धान खरीद कार्य के तहत कोई भी कार्य करना है तो उसे तुरंत किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ अटल मजदूर कंटीन भी क्रियान्वित की गई है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान किसानों से भी आग्रह किया कि वे रोस्टर के अनुसार अपनी फसल मंडी में लेकर पहुंचे। धान की जो नमी है वह 17 प्रतिशत है, इसके तहत ही वे अपनी फसलों को सुखाकर लाएं ताकि मंडी में धान खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, डीएफएससी अपार तिवारी, सुपरवाइजर राज कुमार, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान राजेश बंसल, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन लाल, आढ़ती गौरव गुप्ता के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

## लोकतंत्र पर हमला, राहुल गांधी को मिली धमकी पर गरजे जैन

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक टीवी बहस में खुलेआम दी गई मौत की धमकी केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं बल्कि पूरे लोकतंत्र, उसकी संवैधानिक मर्यादा और जनता के हक़ की आवाज़ के विरुद्ध एक दुस्साहसिक हमला है। उन्होंने कहा कि यह घटना हमारी राजनीतिक संस्कृति पर कलंक है। इसने भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ में सिहरन पैदा कर दी है। जैन ने तीखे शब्दों में कहा कि यह प्रश्न केवल राहुल गांधी का नहीं बल्कि देश की उस लोकतांत्रिक आत्मा का है जो विरोध, असहमति और विचार-विमर्श की संस्कृति को जीवित रखती है।